**Jain College, Jayanagar**
**II PUC Mock Paper II Jan - 2020**

**समयः 3:15घं.** **विषयःहिन्दी** **पूर्णांकः100**

**सूचना- 1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपी में लिखना अनिवार्य है।**

**2. प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना आवश्यक है।**

**I अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिएः** **(6x1=6)**

1) सुजान ने गाँव में क्या बनवाया?
2) कर्त्तव्य करने का आरंभ पहले कहाँ से शुरू होता है?
3) लेखक ने किनसे साक्षात्कार लिया है?
4) विश्वेश्वरय्या किसके बड़े पाबंद थे?
5) भोलाराम को पाँच साल से क्या नहीं मिला था?
6) जापान के होटलों का रिवाज़ क्या है?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिएः** **(3x3=9)**

7) धर्म पालन करने के मार्ग में क्या-क्या अड़चन आते हैं?
8) बड़े साहब ने नारद से दफ्तरों के रीति-रिवाज के बारे में क्या कहा?
9) विश्वेश्वरय्या की शिक्षा के बारे में लिखिए।
10) चीफ और माँ की मुलाकात का वर्णन कीजिए।
11) जापान के रेलवे स्टेशन और रेल यात्रा के बारे में लेखिका क्या कहती हैं?

**II अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे ?** **(4x1=4)**

12) 'धरम के काम में मीन-मेष निकालना अच्छा नहीं।'
13) 'बन्द करो अब, इस मन्नू को घर से बाहर निकलना।'
14) 'सच? मुझे गाँव के लोग बहुत पसंद हैं।'
15) 'मुझे भिक्षा नहीं चाहिए, मुझे भोलाराम के बारे में कुछ पूछ-ताछ करनी है।'

**आ) निम्नलिखित में से किन्ही दो का सन्दर्भ स्पष्टीकरण कीजिएः** **(2x3=6)**

16) 'आदमी को चाहिए कि जैसा समय देखे वैसा ही काम करे।'
17) 'बेटा, शब्दकोशों में उसका नाम शेष है, उपदेशकों के प्रयोग में भी आ रहा है।'
18) 'पिता के ठीक विपरीत थीं हमारी बेपढ़ी लिखी माँ।'
19) 'जानती नहीं, साहब खुश होगा, तो मुझे तरक्की मिलेगी?'

**III अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिएः** **(6x1=6)**

20) रैदास किसकी रट लगाए हुए हैं?

21) गोपिकाएँ किसे संबोधित करते हुए बातें कर रही हैं?

22) आँखों की सुंदरता किससे बढ़ती है?

23) कवि नरेन्द्र शर्मा के अनुसार प्रतिहिंसा क्या है?

24) हरा-भरा हरियाणा किनका स्थल है?

25) कवि का मकसद क्या नहीं है?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिएः** **(2x3=6)**

26) सम्पत्ति रूपी पानी और मन रूपी कमल के सम्बन्ध में बिहारी के क्या विचार हैं?

27) 'अधिकार' कविता में प्रयुक्त प्राकृतिक तत्वों के बारे में लिखिए।

28) 'गहने' कविता के द्वारा कवि ने क्या आशय व्यक्त किया है?

29) पर्यावरण के संरक्षण के संबंध में कवि कुँवर नारायण के विचार लिखिए।

**इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिएः** **(2x4=8)**

30) अब कैसे छूटै राम रट लागी।
प्रभु जी तुम चंदन हम पानी,
जाकी अंग-अंग बास समानी।

**अथवा**

अति अगाधु अति औथरौ, नदी, कूप, सरू बाइ।
सो ताकौ सागरू जहाँ, जाकी प्यास बुझाइ ।।

**31)** अब की बार लौटा तो देखा वह नहीं था-
वही बूढ़ा चौकीदार वृक्ष
जो हमेशा मिलता था घर के दरवाजे पर तैनात।

**अथवा**

हर सड़क पर, हर गली में, हर नगर हर गाँव में,
हाथ लहराते हुए हर लाश चलनी चाहिए।

**IV अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिएः** **(5x1=5)**

32) दादाजी का छोटा पोता परेश किस पद पर था?

33) व्यक्ति किन गुणों से बड़ा होता है?

34) दादाजी ने परेश से छोटी बहू को कहाँ ले जाने के लिए कहा?

35) प्रेम के बिना किसका मूल्य नहीं है?

36) भारवि ने प्रतिशोध की आग में क्या करना चाहा?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिएः** **(2x5=10)**

37) दादा जी ने किस अभिप्राय से सभी को बुलाया और क्या कहा?

**अथवा**

बेला की चारित्रिक विशेषताओं पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

**38)** प्रायश्चित को लेकर पिता पुत्र के बीच हुए संवाद को लिखिए।

**अथवा**

टिप्पणी लिखिएः

1. सुशीला 2. भारती

**V अ) वाक्य शुद्ध कीजिए:** **(4x1=4)**

39) 1. वह इधर-उधर देखा।

2. मेरे को गाँव में रहना पसंद है।

3. सूरदास ने सुरसागर का रचना की।

4. एक सज्जन ठहरने की जगह दी।

**आ) कोष्टक में दिए गए शब्दों से रिक्त स्थान भरिए:** **(4x1=4)**

**(का, के, को, में )**

40) 1. बैंगलोर ................खर्च चलाना मुश्किल था।

2. विश्वेश्वरय्या समय..........बड़े पाबंद थे।

3. सिंध............बहुत बड़ा भाग रेगिस्तान है।

4. पानी .............इकट्ठा करना था।

**इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए:** **(3x1=3)**

41) 1. रात की दावत हरजेन्द्र चौधरी के घर पर थी। (वर्तमानकाल में बदलिए)

2. शंकर गाड़ी में नारियल भरकर लाता है। (भविष्यतकाल में बदलिए)

3. हमारा जीवन सदा अनेक कार्यों में व्यस्त रहेगा। (भूतकाल में बदलिए)

**ई) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोडकर लिखिए:** **(4x1=4)**

42) 1. पत-पानी बनाना — अ) स्वभाव बदलना।

2. पोल खुलना — ब) अहं उतारना।

3. लू उतारना — स) रहस्य प्रकट होना।

4. रंग बदलना — द) सम्मान बढ़ाना।

**उ) अन्य लिंग रूप लिखिए:** **(3x1=3)**

43) 1. भगवान 2. नायिका 3. भिक्षुक

**ऊ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए:** **(3x1=3)**

44) 1. निगरानी करने वाला।

2. कर्त्तव्य कर्म से भागना।

3. लोभ-लालच से भरा बुरा आचरण।

**ए) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोडकर नए शब्दों का निर्माण कीजिए:** **(2x1=2)**

45) 1. ग्रह 2. भावन

**ऐ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए:** **(2x1=2)**

46) 1. लालची 2. भारतीय

**VI अ) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए:** **(5x1=5)**

47) 1. निरक्षरता एक कलंक 2. विद्यार्थी और अनुशातन 3. मनोरंजन के आधुनिक साधन।

**अथवा**

अपने मित्र को नववर्ष की शुभकामना देते हुए पत्र लिखिए।

**आ) निम्नलिखित अनुछेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **(5x1=5)**

48) भारत विश्व सभ्यता का जनक है क्योंकि इसकी सभ्यता विश्व की प्राचीनतम् सभ्यता है। प्रलय के बाद सर्वप्रथम भारत-भूमि पर ही मनु द्वारा सृष्टि की रचना हुई। धरती का स्वर्ग तथा अनेक ऋषि-मुनियों, देवताओं और महापुरुषों की पुण्य भूमि भारत पर स्वयं भगवान राम और कृष्ण ने अवतार लेकर इसकी मिट्टी को तिलक करने योग्य बना दिया। दुनिया की अनेक संस्क'तियाँ मिट गई परन्तु भारत की संस्कृति आज भी जीवित है। अपने ऐश्वर्य और समृद्धि

के कारण "यह सोने की चिड़िया" कहलाया। सभी प्रकार की कलाओं और विद्याओं का शुभारंभ इसी धरती पर हुआ तथा मोक्ष का मूलमंत्र भी सर्वप्रथम इसी धरती के लोगों के कारण संभव हुआ जिसे सम्पूर्ण विश्व में फैलाकर भारत विश्व गुरु कहलाया। आज भारत ने हर क्षेत्र में अद्भुत प्रगति की है। मेरा भारत अद्वितीय है।

1) भारत किसका जनक है?
2) किसने भारत की मिट्टी को तिलक करने योग्य बना दिया?
3) किस कारण भारत सोने की चिड़िया कहलाया?
4) इस धरती पर किन-किनका शुभारंभ हुआ है?
5) किसने हर क्षेत्र में अद्भुत प्रगति की है?

**इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिएः** **(5x1=5)**

49) 1) The security of our nation is our responsibility.
2) Do your duty first, then ask for your rights.
3) Every state has its own state language.
4) Those who lose courage will never succeed.
5) Once an old woman was travelling in a train.

*******************